an>

Title: Need to implement Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana in Banswara Parliament Constituency, Rajasthan.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा): मैं विद्युत मंत्री का ध्यान माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वकांक्षी योजना 'दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना' की ओर दिलाना चाहता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी ने नवम्बर 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना की शुरूआत पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु की थी तथा लक्ष्य रखा था कि मई 2018 तक देश के 18,452 गाँवों का विद्युतीकरण कर दिया जाएगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीण परिवारों को काफी फायदा मिलेगा क्योंकि बिजली देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह योजना भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में चौबीसों घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री जी की घोषणा के दो वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी बांसवाड़ा, राजस्थान प्रदेश में इसका क्रियान्वयन नही हो सका है जबकि इस योजना के लिए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो जानी चाहिए थी।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि राजस्थान में इस योजना को क्रियान्वयन शीघ्र सुनिश्चित किया जाए ताकि जो लक्ष्य माननीय प्रधान मंत्री जी ने रखा है उसे तय समय में पूर्ण किया जा सके।